# कलेक्टर ने स्कूल में भोजन चखा, अस्पताल भी देखा

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सोमवार को देवगढ़, तोर और तिलावली ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पेयजल व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने शासकीय प्राथमिक

**दो डॉक्टर लापता मिले, नोटिस जारी, नल-जल योजनाएँ बंद, ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं**

विद्यालय तोर में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता परखी और बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। ग्रामीणों से मुलाकात में खेल मैदान पर अतिक्रमण और अनुसूचित जाति बस्ती में नल-जल योजना बंद होने से पेयजल संकट की शिकायतें मिलीं, जिनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।





देवगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में कई गंभीर खामियाँ उजागर हुईं। निरीक्षण के दौरान डॉ. हिमांशु बंसल और डॉ. ब्रजेश गुर्जर अनुपस्थित पाए गए तथा अवकाश आवेदन भी उपलब्ध नहीं था, जिस पर दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। ओपीडी उपचार पत्रक का उपयोग सही ढंग से नहीं हो रहा था और शुगर-बीपी जैसे गैर संचारी रोगों का ऑनलाइन रिकॉर्ड अद्यतन नहीं मिला। 30 वर्ष से अधिक आयु के पंजीकृत मरीजों की नियमित एनसीडी जांच भी नहीं की जा रही थी, जिस पर कलेक्टर ने उपचार और रिकॉर्ड-रखरखाव को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

मातृ-स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ी कमियाँ पाई गईं। 3180 की जनसंख्या वाले क्षेत्र में केवल 37 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन पाया गया। लेबर रूम में उपचार किट, बीएमडब्ल्यू डस्टबिन और तौलिया उपलब्ध नहीं थे तथा लेबर टेबल पर गंदगी मिली। इन्फेक्शन कंट्रोल के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था और उपलब्ध ऑटोक्लेव उपयोग में नहीं था। एएनसी वार्ड बंद मिला, जिसे तुरंत व्यवस्थित कर शुरू करने के निर्देश दिए गए। एएनसी-पीएनसी एक ही कक्ष में चलने, भोजन व्यवस्था कमजोर मिलने और आयरन दवाएँ नियमित न मिलने पर भी कलेक्टर ने नाराज़गी जताई।

दवा भंडार में भी अव्यवस्था पाई गई। दवाएँ अल्फाबेटिक क्रम में व्यवस्थित नहीं थीं, एलएसए मेडिसिन डिस्प्ले उपलब्ध नहीं था, स्टॉक रजिस्टर संधारित नहीं था और कई दवाएँ शॉर्ट-एक्सपायरी की मिलीं। नारकोटिक दवाएँ डबल लॉक प्रणाली में सुरक्षित नहीं रखी गई थीं। ईडीएल सूची प्रदर्शित नहीं थी और कर्मचारियों को दवाओं की उपलब्धता का स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं था। स्टोर में रखे फायर सिलेंडर एक्सपायर मिले और स्टाफ को उनके उपयोग का प्रशिक्षण भी नहीं था। कलेक्टर ने फायर सेफ्टी प्रशिक्षण तथा सभी उपकरणों को अद्यतन करने के निर्देश दिए।

# लॉयंस क्लब मुरैना मयूरवन लगाएगा विशाल नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** समाज में दिव्यांगजनो के सहायतार्थ लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के मार्गदर्शन में लॉयंस क्लब मुरैना मयूरवन एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन 26, 27 व 28 दिसंबर को पंचायती धर्मशाला मुरैना में किया जा रहा है। इस शिविर में दिव्यांगजन बंधुओं को कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, पोलियो मरीज के लिए कैलिपर्स, बैसाखी और छड़ी उपकरण आदि पूर्णत: नि:शुल्क दिए जाएंगे। मुरैना के इतिहास में इतने वृहद पैमाने पर सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में ऐसा आयोजन पहली बार किया जा रहा है। जिसमें मुरैना, ग्वालियर, भिंड, धौलपुर श्योपुर जिले में लगभग 200 किलोमीटर के क्षेत्र के संपूर्ण अंचल को इसमें शामिल किया गया है। इस शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए संस्थापक अध्यक्ष लॉयन डॉ. योगेंद्रपाल गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक लॉयन कमलेश बंसल एवं रीजन चेयर पर्सन लाइन अविनाश अग्रवाल एवं क्लब अध्यक्ष लॉयन बृजेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप बताया कि इस शिविर में निकटवर्ती 5 जिले में 19 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें ग्वालियर में अंकित वाजपेई और मयंक श्रीवास्तव कंपू लश्कर, मुरैना में मित्तल ज्वैलर्स सदर बाजार, मॉडर्न पेट्रोल पंप नेहरू पार्क, गोयल बीज भंडार फाटक बाहर, सुभाष पेट्रोल पंप बस स्टैंड के सामने बैरियर चौराहे पर, अम्बाह में ब्राइट करियर अकैडमी सुधीर आचार्य, पोरसा में डॉ. अनिल गुप्ता मुक्तिधाम वाले, जौरा में अनिल गुप्ता फैशन बाजार, सबलगढ़ में बसंत बंसल वेदवती गैस एजेंसी, कैलारस में दिविषा इलेक्ट्रॉनिक्स नगर पालिका के सामने, बानमौर में गोविंद बंसल रामजानकी मंदिर के पास पर बनाए गए हैं।



# महिला फांसी पर झूली, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** जिले के पोरसा कस्बे में रविवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते हुए ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पोरसा पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। मृतिका के एक ढाई साल का बेटा और एक डेढ़ साल की बेटी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पोरसा कस्बे की जोटई रोड बाई पास पर रहने वाले कोमल राठौर की पत्नी 28 वर्षीय रानी राठौर ने घर में ही आत्महत्या कर ली। कोमल पत्नी को पोरसा अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के पति कोमल, सास, ननद और जेठानी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। कहा कि इन सबने मिलकर रानी को मार डाला।बता दें कि रानी राठौर की शादी 2020 में पोरसा के कोमल राठौर के साथ हुई थी। आरोपों के मुताबिक, तभी से ससुराल वाले परेशान कर रहे थे। इसी सदमे में मृतिका के पिता प्रकाश राठौर की पांच साल पहले 2021 में मौत हो गई थी।



# फलदान से घर आ रहे युवकों की कार पलटी, एक की मौत, 3 घायल

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** जिले के पोरसा इलाके में नेशनल हाईवे 552 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। रविवार रात हुए इस हादसे में ऋषभ तोमर नामक युवक की

**एनएच-552 पर ओवरटेक करते समय खेत में जा गिरी कार**

मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक घायल हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब भिंड के रहने वाले चार युवक गलेथा गांव से लगुन-फलदान समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। घायलों का इलाज पोरसा हॉस्पिटल में चल रहा है।



भिंड जिले के रहने वाले मोनू उर्फ मोहन तोमर, विवेक उर्फ मोहित तोमर, ऋषभ तोमर और सचिन तोमर अपनी हुंडई औरा कार (यूपी14/एसटी/1152) से वापस भिंड जा रहे थे। गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। पोरसा थाना क्षेत्र के भजपुरा के पास एक वाहन को ओवरटेक करते समय ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। कार अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी साइड खेत में जाकर पलट गई। हादसे में गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

**मौके पर ही तोड़ा दम :** हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी में सवार ऋषभ तोमर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में मौजूद शेष तीन युवक घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत पोरसा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज ग्राम ऐसाह आयेंगे



**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं दिमनी विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर एक दिवसीय प्रवास पर 09 दिसम्बर को मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 09 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर मुरैना आगमन एवं रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय मुरैना के परिसर के शुभारंभ कार्यक्रम ग्राम ऐसाह में मुख्य अतिथि रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर दोपहर 01 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पकड़ा गया जनकपुर कांड का आरोपी हरदू गुर्जर

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव में विगत दिवस पुलिस पार्टी पर हमला कर आरक्षक को गोली मारकर घायल करने वाले हरदू गुर्जर व अंकुश गुर्जर को आज पुलिस ने उस समय दबोच लिया जब वह न्यायालय में हाजिर होने पहुंच गए थे। लेकिन बिना केस डायरी के न्यायाधीश ने आवेदन को खारिज कर दिया। आवेदन खारिज होने के बाद जैसे ही दोनों बाहर निकले वैसे ही पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर के महाराजपुर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले के आरोपी हरदू गुर्जर एवं अंकुश गुर्जर को पकड़ने के लिए 3 दिसंबर को महाराजपुर थाने की पुलिस मुरैना आई थी। ग्वालियर पुलिस यहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित जनकपुर गांव में पहुंची और वहां हरदू गुर्जर को गिरफ्तार भी कर लिया, लेकिन इसी दौरान हरदू के साथियों ने पुलिस की ओर सीधी फायरिंग कर दी। जिससे पुलिस को अपनी जान बचाकर भागना

**जिला न्यायालय से निकलते हुए पकड़ में आया बदमाश, पुलिस पार्टी पर हमला कर आरक्षक को मारी थी गोली**

पड़ा। इस दौरान बदमाशों की ओर से चलाई गई गोली में आरक्षक अनिल सिंह तोमर पुत्र जिलेदार सिंह तोमर घायल हो गया। उधर इस घटना से पुलिस की काफी किरकिरी भी हुई थी। घटना वाले दिन यह खबर भी आई थी कि हरदू गुर्जर एवं अंकुश गुर्जर राजस्थान के धौलपुर जिले में जाकर छिप गए थे। ग्वालियर पुलिस अभी इस रणनीति पर काम कर रही थी कि कैसे इन दोनों बदमाशों को पकड़ा जाए कि इसी बीच आज सोमवार को जिला न्यायालय स्थित अमोल सांघी की अदालत में अधिवक्ता हरस्वरूप माहेश्वरी ने दोनों को सरेण्डर कराते हुए आवेदन दे दिया। चूंकि न्यायालय में केस डायरी नहीं आई थी इसलिए न्यायाधीश ने अधिवक्ता द्वारा पेश किए गए आवेदन को निरस्त कर दिया। उधर सिविल लाइन थाना पुलिस को यह पता चल गया था कि दोनों बदमाश आज न्यायालय में सरेण्डर होने के लिए आए हैं इसलिए पुलिस भी अपनी तैयारी के साथ न्यायालय पहुंच गई। न्यायालय में आवेदन के निरस्त होने के बाद जैसे ही हरदू गुर्जर एवं अंकुश गुर्जर बाहर निकले वैसे ही पुलिस ने दोनों को दबोच लिया और उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

## बिजली कंपनी द्वारा मुरैना में मीडिया कार्यशाला का आयोजन आज

**मुरैना।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ के साथ ही उपभोक्ता हित की योजनाएं जैसे बकायादार उपभोक्ताओं के लिए समाधान योजना 2025-26, 5 रुपए में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और बचाव के लिए जन जागरूकता हेतु मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुरैना वृत्त के महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने दी है। यह कार्यशाला 09 दिसंबर मंगलवार को दोपहर 3 बजे से चम्बल भवन सभागार मुरैना में आयोजित होगी। कार्यशाला में कंपनी मुख्यालय भोपाल से महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के. पवार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी एवं मुरैना वृत्त के महाप्रबंधक सुरेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस वर्कशॉप में स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी।

# सनाढ्य सभा के पूर्व अध्यक्ष ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा 8 दिसम्बर।** सनाढ्य सभा जौरा के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला का जन्मदिन विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक एवं पत्रकार संगठनों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों

**सामाजिक शैक्षणिक एवं पत्रकार संगठनों ने दी बधाई**

पर जाना रिश्तेदार एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित कीं। जन्मदिन के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं उनके सहयोगियों द्वारा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी में वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुधार का संदेश दिया। वृक्षारोपण के दौरान सनाढ्य सभा के अध्यक्ष कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष ललित पाराशर, रानू मिश्रा, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य शैलेंद्र कुशवाह, वरिष्ठ साहित्यकार राजकिशोर पाराशर, शिवकुमार पाराशर, माधव त्यागी, राजेश त्यागी, मनीष गुप्ता, रविशरण तिवारी, राकेश त्यागी, मुन्नालाल यादव, जितेन्द्र शर्मा, नृपाल सिंह कुशवाह, नरेंद्र पेंटर आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ने छात्रों से संवाद करते हुए वृक्षारोपण के कार्य को समाज एवं पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए वृक्षों की रक्षा का संकल्प दिलाया।



# हर्ष फायर में युवक घायल

नवभारत न्यूज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** मुरैना में हर्ष फायरिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। खासकर विवाह समारोह में हर्ष फायर करना एक तरह से स्टेट्स सिंबल बना हुआ है। यही वजह है कि मुरैना में होने वाले विवाह समरोह में हर्ष फायरिंग के वीडियो अक्सर सामने आते रहते हैं। उधर हर्ष फायरिंग के दौरान कई बार हादसे भी हो जाते हैं। जिसमें लोगों की जान तक जा चुकी है इसके अलावा कई घायल हुए हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार की रात बांनमोर कस्बा से सटे सेवा गांव में देखने को मिला जहां एक विवाह समारोह में डांस के दौरान हर्ष फायरिंग की गई। इस फायरिंग में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। बताया जाता है कि बानमोर कस्बा से सटे सेवा गांव में रविवार की रात जाटव परिवार में एक विवाह समारोह चल रहा था। वहां छोटू जाटव के विवाह का कार्यक्रम चल रहा था। रात 11 बजे जब डीजे बज रहा था तब कुछ वहां डांस भी कर रहे थे। इसी दौरान बब्बन पुत्र रामजीलाल जाटव निवासी नरहाई का पुरा ने डांस करते हुए अपने हाथ में पकड़े कट्टे से एक के बाद एक तीन फायर किए। लेकिन फायर करते समय बब्बन का हाथ नीचे हो गया, जिससे कट्टे से निकली गोली वहां भोजन परोस रहे रवि पुत्र लक्खा जाटव उम्र 35 साल को लग गई। जिससे वह घायल हो गया। घायल को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। उधर सूचना मिलने पर बानमोर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रवि जाटव की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्राम पंचायत बुधारा में विकास कार्यों में घोटाले का खुलासा

नवभारत न्यूज

**पोरसा 8 दिसम्बर।** ग्राम पंचायत बुधारा में करोड़ों की लागत से हुए विकास कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत में चेक डैम, अमृत सरोवर और घड़ी प्लग निर्माण में भारी अनियमितताएं उजागर हुईं। अब इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों को की गई है।

पोरसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुधारा में विगत कुछ सालों में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। बताया जाता है कि 5 जून 2021 को स्वीकृत चेक डैम का कार्य 16 मार्च 2024 को शुरू हुआ और लगभग 6 महीनों में बनकर तैयार भी हो गया। खासबात यह है कि चेक डैम एक साल पहले बनकर तैयार हो गया लेकिन फिर भी फर्जी तरीके से मस्टर भरने का काम चल रहा है। इस चेक डैम की लागत 14 लाख 49,000 रुपये बताई गई है। वर्तमान में इस डैम की दीवारें कई जगह टूट चुकी है। बावजूद इसके पंचायत द्वारा फर्जी जॉब कार्डों पर मजदूरी का भुगतान जारी है। इतना ही नहीं मस्टर रोल में फर्जी फोटो लगाए जा रहे हैं।

यही स्थिति ग्राम पंचायत में बनाए गए अमृत सरोवर की भी है। अमृत सरोवर का काम पूरा हो चुका है लेकिन कागजों में अभी भी जारी है। बताया जाता है कि अमृत सरोवर की लागत 24 लाख 73,761 रुपये है। जिसमें से 8 लाख 12,833.79 रुपये का मटेरियल भुगतान पहले ही हो चुका है। अमृत सरोवर 2 अप्रैल 2022 को स्वीकृत हुआ था और 9 जून 2022 से इसका काम शुरू कर दिया गया था। एस्टीमेट के अनुसार इसे 6 माह में पूरा होना था, लेकिन सरोवर 1 साल पहले ही तैयार हुआ है। लेकिन खासबात यह है कि इस अमृत सरोवर का कागजों में अभी भी काम चलना दिखाया जा

**चेक डैम, अमृत सरोवर और घड़ी प्लग निर्माण में भारी अनियमितताएं उजागर**

रहा है। जब मौके पर उक्त अमृत सरोवर को देखा गया तो उसमें थोड़ा सा ही पानी भरा मिला। बाकी जगह पर सरसों की फसल बोई हुई पाई गई। यानि यह भी सरकार की मंशा के विपरीत है। जिस अमृत सरोवर को पानी संरक्षण के लिए बनाया गया था उसमें खेती की जा रही है।

इसके अलावा ग्राम पंचायत में घड़ी प्लग निर्माण में मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जो कि नियम विरुद्ध है। घड़ी प्लग ( वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर ) की लागत 3 लाख 79,567 रुपये स्वीकृत है। खासबात यह है कि यह कार्य पूरी तरह मजदूरों से करवाना था, लेकिन इसके निर्माण में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर का उपयोग किया गया। जिस स्थान पर घड़ी प्लग बन रहा है वहां ट्रैक्टरों के पहियों के निशान आसानी से देखे जा सकते हैं। उधर जमीनी स्तर पर घड़ी प्लग पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन कागजों में अभी भी कार्य जारी दिखाया जा रहा है। इस पूरे मामले में ग्रामीणों का कहना है कि लगातार फर्जी मस्टर, मशीनों के इस्तेमाल और अधूरे भुगतान के कारण बड़े स्तर पर घोटाला किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य पानी संरक्षण और रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंचायत में उल्टा कागजों पर ही काम चल रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि लाखों रुपए के इस फर्जीवाड़े का खुलासा कर दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। इस पूरे मामले में जनपद सीईओ पोरसा देवेंद्र जैन का कहना है की जांच करके उचित कार्रवाई करेंगे।

**पुराने काम हैं, ऐसे ही चलता है :** जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं वहां मौके पर मजदूरों के न होने की बात जब रोजगार सहायक जितेंद्र सिंह से कही तो उन्होंने चैंकाने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि सर आप तो जानते हो, पुराने काम हैं, ऐसे ही चलता है। रोजगार सहायक का यह बयान स्वयं व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है।

# प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोयल तत्काल प्रभाव से निलंबित

नवभारत न्यूज

**सबलगढ़/मुरैना 8 दिसम्बर।** शासकीय कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने के आरोपों के चलते प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सबलगढ़ सुरेश कुमार गोयल को चंबल संभाग के आयुक्त सुरेश कुमार द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

बताया गया कि कलेक्टर मुरैना लोकेश कुमार जांगिड़ ने 13 नवम्बर 2025 को आयुक्त चंबल संभाग को भेजे गए प्रतिवेदन में सीएमओ गोयल के विरुद्ध कई गंभीर आरोपों का उल्लेख किया था प्रतिवेदन में कहा गया था कि प्रभारी सीएमओ को कई बार निर्देशित किया गया कि नगर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए, अस्थायी अतिक्रमण हटाए जाएँ तथा मुनादी कराई जाए इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति बहुल वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में सफाई व्यवस्था, जाम नालियों, कचरे के ढेर, शासकीय भूमि पर अवैध




**अतिक्रमण हटाने एवं शासकीय आदेश में लापरवाही का आरोप**

कब्जे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए थे जिनका पालन नहीं किया गया। नगर में प्रतिदिन जाम की स्थित निर्मित हो रही है सी एम ओ गोयल के द्वारा नगर के विकास में रुचि नहीं ली जा रही थी एस डी एम मेघा तिवारी भी इनको कई बार मीटिंग में जाम ओर सफाई पर निर्देश दे चुकी थी परन्तु इनके द्वारा कलेक्टर ओर एस डी एम के आदेशों की अवहेलना की जा रही थी

प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि बेनीपुरा स्थित अम्बेडकर पार्क क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति बनी रहती है, जहाँ गंदा पानी कमर तक भर जाता है तथा निकासी व्यवस्था न होने के कारण कचरे के ढेर और आवारा पशुओं की आवाजाही से गंदगी की समस्या बनी रहती है कलेक्टर मुरैना की अनुशंसा पर, सहायक ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेश गोयल को पदीय कर्तव्यों में लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का दोषी पाए जाने पर, मध्यप्रदेश नगर पालिका सेवा (कार्यपाल) नियम 1973 के नियम 36 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान गोयल का मुख्यालय जिला शहरी विकास अभिकरण, मुरैना निर्दिष्ट किया गया है, जहाँ वे प्रावधानानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे साथ ही, आयुक्त ने कलेक्टर मुरैना को निर्देशित किया है कि सबलगढ़ नगर पालिका के सीएमओ का प्रभार किसी अन्य अधिकारी को सौंपा जाए।

# करौली रियासत के नेतृत्व में सबलगढ़ किले का निरीक्षण किया

**सबलगढ 8 दिसम्बर।** सबलगढ़ करौली रियासत के भंवर विलास पैलेस से आज गोपाल सिंह एवं कुणाल जैन के नेतृत्व में एक निरीक्षण दल सबलगढ आया जिन्होंने राजा गोपाल सिंह द्वारा बनबाए गए सबलगढ के ऐतिहासिक किले का बारीकी से निरीक्षण किया पूरे किले में कचहरी,तालाब,अंदर की चार दीवारी आदि को देखा तथा महत्वपूर्ण उन्होंने किले परिसर पर बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की फोटो एवं वीडियो ग्राफी भी की जिसकी रिपोर्ट करौली दरबार साब को प्रस्तुत करेंगे सबलगढ़ तहसील कभी करौली रियासत आती थी करौली राज दरवार द्वारा सबलगढ़ किले को बनवाया गया था सबलगढ़ किले परिसर में कई वर्षों से अवैध कब्जे की शिकायतें आ रही थी नगर पालिका द्वारा भी किले परिसर में अतिक्रमण कारियो को प्रधानमंत्री आवास भी मंजूर कर दिए थे और पक्के मकान भी बन गए हैं ।



## भाजपा अध्यक्ष का करौली माता रोड पर किया गया स्वागत और सम्मान

**मुरैना/अम्बाह।** भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष सचिन गुप्ता का करौली माता रोड पर सम्मान व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष नितिश डी.सी. बंसल के नेतृत्व में सचिन गुप्ता को फूलमालाओं से स्वागत कर शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



जिला खेल अधिकारी (रि.) दिनेश चंद्र बंसल ने कहा कि सचिन गुप्ता हमेशा संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अध्यक्ष बनने से मंडल की कार्यप्रणाली और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन बूथ स्तर पर नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा आने वाले समय में और अधिक ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी।नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने समाज के सम्मान व समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा हर समाज और वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा 'मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, वह आप सभी के विश्वास का परिणाम है।

# सहकारी सम्मेलन का आयोजन आज

**मुरैना 8 दिसम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 9 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा पहाड़गढ़, मुरैना में सहकारी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में सहकारी समितियाँकृएक बेहतर दुनिया के निर्माण की आधारशिला विषय पर सामूहिक व्याख्यान एवं विचारदृविमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सहकारिता विभाग तथा जिला सहकारी संघ, मुरैना के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।